**Regarding daily services of Train No. 15055/15056**

श्री छत्रपाल सिंह गंगवार **(बरेली) :** माननीय सभापति जी, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बरेली में ट्रेन नम्बर 15056/15055 रामनगर जंक्शन उत्तराखंड से आगरा फोर्ट जंक्शन, उत्तर प्रदेश तक सप्ताह में केवल तीन दिन, रविवार, मंगलवार और शुक्रवार को ही चलती है । इस ट्रेन का उपयोग उत्तराखंड में सम्पूर्ण तराई, बरेली, बदायूँ, कासगंज और हाथरस के यात्री बड़ी संख्या में करते हैं । इस ट्रेन के प्रतिदिन न चलने के कारण यहां के यात्रियों को अन्य दिनों में अपनी यात्रा को अन्य संसाधनों से पूर्ण करना पड़ता है और उन्हें इस यात्रा को पूर्ण करने में अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । जनहित की इन समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए और जनमानस को लाभ पहुँचाने के लिए मैं रेल मंत्री जी विनम्र निवेदन करता हूँ कि ट्रेन नंबर 15056/15055 इज्जतनगर मंडल उत्तर पूर्वी रेलवे, बरेली को प्रतिदिन चलाया जाए ताकि उत्तराखंड तथा सम्पूर्ण तराई, बरेली, बदायूं, कासगंज के यात्री लाभ उठा सकें । इसके लिए बरेली की जनता सदैव माननीय मंत्री जी की आभारी रहेगी । धन्यवाद ।